ignou
THE PEOPLE'S UNIVERSITY
जन–जन का विश्वविद्यालय

डॉ॰ अमित चतुर्वेदी
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक
Dr. Amit Chaturvedi
Senior Regional Director
E : rcnoida@ignou.ac.in
P : +91-120-2405012, 2405014
F : +91-120-2405013

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

इग्नू/क्षे.के. नोएडा/प्रेस विज्ञ./2023/235
दिनांक 02/02/2023

प्रति,

सम्पादक

———————

**प्रकाशनार्थ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

## इग्नू : उच्च शिक्षा का बेहतर विकल्प

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), दूरस्थ शिक्षा के द्वारा अध्ययन के अवसर उपलब्ध करा रहा है। विभिन्न महाविद्यालयों में दाखिले से वंचित छात्र इग्नू के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

इग्नू स्थान, समय, उम्र, जाति, रंगभेद और धर्म की दीवारों को तोड़कर समाज के सभी वर्गो को विशिष्ट एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध है। इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय है और समाज के दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले उच्च शिक्षा से वंचित एवं सुविधावंचित वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने में अग्रणी है। इग्नू विद्यार्थियों के लिए व्यापक स्तर पर शैक्षिक, व्यावसायिक और तकनीकी कार्यक्रम प्रदान कर रहा है, जिनमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री, स्नातकोत्तर उपाधि के कार्यक्रम शामिल हैं। इग्नू परम्परागत कार्यक्रमों के साथ ही साथ विभिन्न रोजगारपरक कार्यक्रम उपलब्ध कराता है। ये कार्यक्रम विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार उनके आगे के अध्ययन, रोजगार, तकनीकी ज्ञान की वृद्धि तथा व्यावसायिक जानकारी के संवर्धन में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

इग्नू की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें न सिर्फ रोजगार करते हुएं बल्कि घर बैठे ही पढ़ाई की जा सकती है।

इग्नू में प्रवेश प्रक्रिया वर्षभर चलती है जिसमें दो सत्रों में प्रवेश दिया जाता है। इग्नू में विद्यार्थियों को देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में क्षेत्रीय केन्द्र बदलने और संबंधित अध्ययन कार्यक्रम के अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त अध्ययन केन्द्र चुनने का विकल्प होता है। इग्नू बहुत ही कम प्रवेश शुल्क पर छात्रों को प्रवेश तथा उसी शुल्क में अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराता है।

02/02/2023

इग्नू ने विद्यार्थियों को देश के किसी भी परीक्षा केन्द्र में सत्रांत परीक्षा देने की छूट दी है, चाहे विद्यार्थी किसी भी अध्ययन केन्द्र से जुड़ा हो। इग्नू की परीक्षा वर्ष में दो बार जून तथा दिसम्बर माह में सम्पन्न होती है। इग्नू के परीक्षा परिणाम 45 दिन अन्दर घोषित कर दिये जाते हैं।

कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे इग्नू में बिना किसी प्रवेश परीक्षा के परम्परागत कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं तथा मन चाहे विषय में आनर्स की डिग्री हासिल कर सकते हैं।

अपने विद्यार्थियों को अद्यतन जानकारी देने के लिए इग्नू अपनी वेबसाइट एवं सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग करता है, जहां समय—समय पर विद्यार्थियों के हित में अद्यतन जानकारी दी जाती है।

इग्नू में लगभग दो दशक से टेलीकांफ्रेंसिंग की सुविधा है, जिसमें विभिन्न विषयों के विशिष्ट विद्वानों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाता है। जिसमें विद्यार्थी न केवल उनके विचार सुन सकते हैं और देख सकते हैं अपितु उनसे अपने विषय से संबंधित समस्याओं पर सवाल भी पूछ सकते हैं। इग्नू पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने शिक्षा को आसान बनाने के लिये प्रसारण को भी एक माध्यम बनाया। इसका अपना एक अलग रेडियो स्टेशन तथा टीवी चैनल है।

वर्तमान में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जनवरी 2023 सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कार्यक्रम के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि **10 फरवरी 2023** है।

ग्रामीण प्रबंधन, पर्यटन, अंग्रेजी, हिन्दी, दर्शनषास्त्र, षिक्षा, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, प्रौढ़ शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा, समाज कार्य, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

विश्वविद्यालय विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों जैसे बी.ए. राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, गणित, लोक प्रशासन, दर्शनषास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पर्यटन, समाजकार्य, पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान, वाणिज्य में स्नातक (बी.काम.), बी.एस.सी. तथा सभी डिप्लोमा कार्यक्रमों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा चुनिंदा कार्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है।

**प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, इग्नू की वेबसाइट** **http://www.ignou.ac.in/** पर विजिट कर ऑनलाइन अपना प्रवेश फार्म भर सकते हैं।

अन्य जानकारी के लिए क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा के ईमेल rcnoida@ignou.ac.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

अमित चतुर्वेदी 02.02.23

डॉ0 अमित चतुर्वेदी
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक

डा0 अमित चतुर्वेदी / Dr. Amit Chaturvedi
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक/Senior Regional Director
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
Indira Gandhi National Open University
क्षेत्रीय केन्द्र / Regional Centre